अमर उजाला

Maharajganj News: भारतीय नंबर की कार से दो करोड़ की नकली नेपाली करंसी बरामद

महराजगंज। नेपाल पुलिस ने भारत से नेपाल पहुंची एक कार से करीब दो करोड़ नकली नेपाली रुपये पकड़े हैं। पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि दूसरा युवक चकमा देकर भागने में सफल हो गया।

नेपाल सुनसरी पुलिस एसपी बिपिन रेग्मी ने बताया कि इनारुवा नगर पालिका-4 में सुनसारी नदी के पुल के पास भारत से नेपाल आने-जाने वाले वाहनों की जांच के दौरान भारतीय नंबर की कार में एक करोड़ 82 लाख 51 हजार के नकली नोट मिले। पकड़ी गई कार स्कॉर्पियो के पिछले हिस्से में एक बोरे में नकली नोट रखे गए थे। मिले। मौके से बिहार के बीरपुर निवासी चालक मोहम्मद सैयद को गिरफ्तार कर पूछताछ की जा रही है। वाहन में सवार एक अन्य व्यक्ति फरार है।

Source: https://www.amarujala.com/uttar-pradesh/maharajganj/fake-nepali-currency-worth-rs-2-crore-recovered-from-indian-number-car-maharajganj-news-c-7-1-gkp1053-464297-2024-02-13